पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपी

रिपोर्ट का अध्ययन कर राज्यपाल लेंगे निर्णय

लखनऊः 29 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय श्री राम नाईक को आज चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति (निलम्बित) प्रो0 मुन्ना सिंह के विरूद्ध गठित तीन सदस्यीय अन्तिम जांच समिति के अध्यक्ष श्री बी0डी0 चतुर्वेदी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा अन्तिम जाँच रिपोर्ट का अध्ययन कर समुचित निर्णय लिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के तत्कालीन कुलपति प्रो0 मुन्ना सिंह द्वारा शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति/चयन में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार एवं अन्य प्रकार की अनियमितताओं के संबंध में विश्वविद्यालय के 78 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से 31 अक्टूबर, 2014 को कुलाधिपति को शिकायत प्रत्यावेदन प्रेषित किया था। कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय में नियुक्ति/चयन प्रक्रिया में रोक लगाते हुए प्रो0 मुन्ना सिंह के विरूद्ध इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री एस0के0 त्रिपाठी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय प्रारम्भिक जांच समिति का गठन किया गया था। प्रारम्भिक जांच समिति ने 8 अप्रैल, 2015 को कुलाधिपति को अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें प्रो0 मुन्ना सिंह को विश्वविद्यालय में चयन/नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता का दोषी पाया गया था। कुलाधिपति द्वारा 1 मई, 2015 को कुलपति प्रो0 मुन्ना सिंह को निलम्बित करते हुए उनके विरूद्ध न्यायमूर्ति (अवकाश प्राप्त) श्री बी0डी0 चतुर्वेदी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय अन्तिम जाँच समिति का गठन किया गया था। तीन सदस्यीय अन्तिम जाँच समिति में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति श्री जे0वी0 वैशम्पायन तथा अवकाश प्राप्त आई0ए0एस0 अधिकारी श्री आर0एन0 उपाध्याय सदस्य थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (304/34)